नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

2 सेना-सिविल तालमेल ही नई ताकत

4 सिर्फ विकास नहीं, अवसर चाहिए

9 50 गुना बढ़ी भारत की सौर ताकत

10 कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का शानदार प्रदर्शन

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस का परचम

बिहार के बांकीपुर पर जनसुराज ने मारी बाजी तो गुजरात के मंजलपुर में बीजेपी जीती

भोपाल/पटना/अहमदाबाद. बिहार, मध्यप्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के रिजल्ट आ गए हैं. एमपी के दतिया में कांग्रेस के उम्मीदवार घनश्याम सिंह और गुजरात में मांजलपुर में भाजपा के उम्मीदवार सतीश पटेल ने जीत की हैं. वहीं बिहार के बांकीपुर में नितिन नवीन की सीट पर प्रशांत किशोर जीत गए हैं.

अनिल शर्मा/रमाकान्त मिश्रा

ग्वालियर/दतिया 3 अगस्त. दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर भाजपा को पटखनी दी है. इस बार कांग्रेस के कुं. घनश्याम सिंह ने भाजपा के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को 6016 वोटो से पराजित कर दिया. कांग्रेस की इस जीत पर दतिया के साथ-साथ पूरे मध्य प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है.

दतिया विधानसभा के लिए आज सुबह मतगणना शुरु हुई और 15 राउंड की गिनती में कुं. घनश्याम सिंह भाजपा पर भारी पड़े. यह बढ़त का सिलसिला 12 राउंड तक 12 हजार से ऊपर पहुंच गया. आखिरी के 3 राउंड में भाजपा ने पराजय के अंतर को कम किया लेकिन अपनी पराजय को मतगणना समाप्त होने से पहले ही स्वीकर कर लिया. बताना होगा कि विधानसभा उपचुनाव के लिए 157499 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और इनमें से कांग्रेस के विजयी प्रत्याशी घनश्याम सिंह को 66757 वोट प्राप्त हुए जबकि भाजपा के आशुतोष तिवारी को 60741 मत मिले. तीसरे नम्बर पर आजाद समाजपार्टी के दामोदर यादव रहे. दामोदर को 22527 मत प्राप्त हुए. उपचुनाव में 21 प्रत्याशियों के बीच नोटा ने 10वां स्थान हासिल किया. नोटा को 456 मत मिले. उपचुनाव के लिए 30 जुलाई को 70.44 प्रतिशत मतदान हुआ था. इसमें आज मतगणना में कांग्रेस को 42.39 प्रतिशत और भाजपा 38.57 प्रतिशत वोट मिले. ▶ शेष पेज 2 पर

21 प्रत्याशियों के बीच नोटा ने 10वां स्थान हासिल किया

दतिया उपचुनाव राउंडवार वोट

राउंड	भाजपा	कांग्रेस	बढ़त का अंतर
1	4551	3367	1184 भाजपा
2.	3702	4011	876 भाजपा
3.	4146	5054	33 कांग्रेस
4.	4058	4858	833 कांग्रेस
5.	4282	3757	308 कांग्रेस
6.	3331	4809	1786 कांग्रेस
7.	4071	5580	3295 कांग्रेस
8.	3540	6828	6583 कांग्रेस
9.	3758	6694	9519 कांग्रेस
10.	3957	5349	10911 कांग्रेस
11.	2552	3862	12221 कांग्रेस
12.	3862	4248	12607 कांग्रेस
13.	4813	3260	11054 कांग्रेस
14.	6608	3100	7534 कांग्रेस
15.	3464	1942	6016 कांग्रेस



दतिया में घनश्याम सिंह जीते

6016 वोटों से जीत हासिल की

जबकि भाजपा के आशुतोष तिवारी को 60741 मत मिले. तीसरे नम्बर पर आजाद समाजपार्टी के दामोदर यादव रहे. दामोदर को 22527 मत प्राप्त हुए. उपचुनाव में 21 प्रत्याशियों के बीच नोटा ने 10वां स्थान हासिल किया.

बांकीपुर में प्रशांत किशोर जीते

19324 वोटों से जीत हासिल की

बांकीपुर में जनसुराज पार्टी के फाउंडर प्रशांत किशोर ने जीत हासिल की है. प्रशांत को 64,151 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार को 44,827 वोट ही वोट मिले हैं. वहीं, 22 उम्मीदवारों का वोट एक हजार से कम रहा है.

गुजरात में सतीश पटेल जीते

30630 वोटों से जीत हासिल की

गुजरात के मंजलपुर में भाजपा के सतीश पटेल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की. जबकि कांग्रेस के भिखाभाई रबारी को 24,851 वोट मिले. तीनों सीटों पर 30 जुलाई को वोटिंग हुई थी.

पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के बूथ पर भाजपा हारी

पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जिस पोलिंग बूथ नं. 121 राजघाट कॉलोनी पर मतदान किया था. वहां भी भाजपा को हार मिली. इस बूथ पर कांग्रेस को 291 और भाजपा को 264 वोट मिले.

भाजपा के अंत की शुरुआत : घनश्याम

दतिया चुनाव में विजय हासिर करने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी कुं. घनश्याम सिंह ने कहा कि भाजपा के अंत की शुरुआत हो चुकी है और अब दतिया विकास के रास्ते पर दौड़ेगा.

भारतीय मुक्केबाजी दल ने CWG 26 में आश्चर्यजनक प्रदर्शन करते हुए 13 में से 7 स्वर्ण पदक जीते।

ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में सबसे अधिक कार्रवाई

वाशिंगटन, 3 अगस्त. अमेरिका की आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आइस) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में एक महीने में सर्वाधिक लोगों को हिरासत में लेने का नया रिकॉर्ड कायम किया है. एक रिपोर्ट में आंतरिक सुरक्षा विभाग के आंतरिक आंकड़ों के हवाले से यह दावा किया गया.

प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार जुलाई में 46 हजार से अधिक लोगों को अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने, वीजा अवधि

समाप्त होने के बाद भी देश में रहने सहित विभिन्न आव्रजन उल्लंघनों के आरोप में हिरासत में लिया गया. यह संख्या जून में दर्ज लगभग 43 हजार हिरासतों से अधिक है.

भाग्य प्रतिकूल हो तो भी धैर्य न छोड़ें : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर शेयर किया सुभाषित

नई दिल्ली, 03 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक सुभाषित शेयर किया. इसमें उन्होंने मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा दी है. पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में संस्कृत श्लोक साझा करते हुए लिखा,

त्याज्यं न धैर्यं विधुरेऽपि दैवे
धैर्यात्कदाचित्स्थितिमाप्नुयात्स:.
याते समुद्रेऽपि च पोतभङ्गे
सांयात्रिको वाञ्छति कर्म एव. .

इसका हिंदी अर्थ है कि भाग्य के प्रतिकूल होने पर भी मनुष्य को धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए. धैर्य के बल पर वह कभी भी अपनी खोई हुई अनुकूल स्थिति को पुन: प्राप्त कर सकता है. जिस प्रकार समुद्र के बीच में जहाज टूट जाने पर भी एक कुशल नाविक केवल अपने कर्म यानी जीवित रहने और तैरने के प्रयास की ही इच्छा रखता है और हिम्मत नहीं हारता.

इससे पहले 29 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुभाषित शेयर करते हुए लिखा था, गुरु पूर्णिमा की सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई. गुरु ज्ञान के साथ ही अपने शिष्यों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर उन्हें सुविचार और सुसंस्कारों से सुशिक्षित करते हैं. आइए, उनके आदर्शों को अपने जीवन का संबल बनाएं.

एनडीए का 'मंगल मिलन' आज

भाजपा संसदीय दल ने जारी किया पत्र

नईदिल्ली, 3 अगस्त. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संसदीय दल की बैठक 'मंगल मिलन' आज आयोजित की जाएगी. इसको लेकर भाजपा संसदीय दल की ओर से एक पत्र जारी किया गया है.

भाजपा संसदीय दल की ओर से जारी पत्र में कहा गया है, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक, 'मंगल-मिलन,' आज सुबह 9.30 बजे संसद भवन ग्रंथालय के जी.एम.सी. बालायोगी सभागृह में आयोजित की जाएगी. राजग के सभी लोकसभा एवं राज्यसभा के माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया समय से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करने का कष्ट करें.

'बता दें कि 21 जुलाई को 'मंगल मिलन' के तहत पहली बैठक आयोजित की गई थी. परंपरागत रूप से संसद के प्रत्येक सत्र के दौरान एनडीए संसदीय दल की बैठक हर मंगलवार को आयोजित होती रही है. हालांकि इस बार इसे 'मंगल मिलन' नाम दिया गया है.

अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा : सुको

नईदिल्ल, 3 अगस्त. सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक विरोधी प्रदर्शनों के मामले में सोमवार को स्पष्ट किया कि गंभीर अपराधिक इतिहास वाले लोगों बख्शा नहीं जाएगा. अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और अन्य राज्यों को प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे बंद करने की भी छूट दी.

विरोध प्रदर्शनों में छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने कहा, यह गलतफहमी नहीं होनी

चाहिए कि ज्यादती करने वाले पुलिस अधिकारी या प्रदर्शनकारियों के बीच आने वाले किसी आपराधिक तत्व को बख्शा जाएगा. कोर्ट ने कहा कि वह पुलिस की ज्यादतियों के आरोपों की जांच के लिए पुलिस अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाने या किसी रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली समिति बनाने पर विचार कर रहा है. बेंच ने टिप्पणी की, हमारे मन में दो बातें हैं. एक तो जांच के लिए पुलिस अधिकारियों की एसआईटी बनाना या किसी रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली समिति बनाना. याचिकाकर्ताओं ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पैलेट गन के इस्तेमाल का मुद्दा भी उठाया. इसके बाद बेंच ने कहा कि वह एक व्यापक प्रोटोकॉल तय करेगी कि इनका इस्तेमाल कब और कैसे किया जा सकता है. बेंच ने कहा, हम एक पूरा प्रोटोकॉल बनाना चाहते हैं कि इसका इस्तेमाल कैसे और कहाँ किया जा सकता है.

महिला पहलवानों के उत्पीड़न मामले में बृजभूषण सिंह बरी

नई दिल्ली. दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी नेता और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह को महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों से जुड़े मामले में बरी कर दिया. राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार ने इस मामले में सह-आरोपी विनोद तोमर को भी बरी कर दिया. अदालत ने अभियोजन पक्ष, शिकायतकर्ताओं और बचाव पक्ष की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया.

नए सियासी नैरेटिव का शंखनाद

चुनावी अंकगणित पर भारी पड़ी जनता की राजनीतिक चेतना

प्रवेश कुमार मिश्र

नई दिल्ली, 3 अगस्त. बिहार का बांकीपुर और मध्य प्रदेश का दतिया विधानसभा उपचुनाव देश की समकालीन राजनीति में सिर्फ दो सीटों के चुनावी नतीजे नहीं हैं, बल्कि यह भविष्य की सियासत का लिटमस टेस्ट और एक दूरगामी संदेश है.

बांकीपुर सीट पर प्रशांत किशोर यानी जन सुराज की जीत और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के गृह क्षेत्र में भगवा खेमे की हार ने बिहार की पारंपरिक राजनीतिक जमीन को झकझोर कर रख दिया है. वहीं, मध्य प्रदेश के दतिया उपचुनाव के नतीजों ने सत्ता विरोधी लहर और संगठनात्मक अति-आत्मविश्वास को कड़ा सबक सिखाया है.कहा जा रहा है कि उक्त दोनों ही परिणाम भारतीय राजनीति में स्थापित सत्ता समीकरणों और चुनावी रणनीतियों के पुनर्मूल्यांकन की दस्तक है. राजनीतिक जानकारों की मानें तो बांकीपुर और दतिया के नतीजे किसी एक दल की जीत या हार से कहीं आगे के हैं. ये परिणाम देश के राजनीतिक दलों के लिए चेतावनी भी हैं और सीख भी.

क्योंकि जनता ने साफ कर दिया है कि वह केवल चेहरों के बदलने से संतुष्ट नहीं होगी, उसे व्यवस्था और नीति में बदलाव चाहिए. इतना ही नहीं आने वाले समय में ये दोनों उपचुनाव हिंदी पट्टी की राजनीति में एक नए नैरेटिव, नए गठबंधनों और अधिक जवाबदेह नेतृत्व की नींव रखने वाले मील के पत्थर साबित होंगे. वैसे भी पटना का बांकीपुर क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से छात्र आंदोलनों की नर्सरी रहा है. जेपी आंदोलन... ▶ शेष पेज 2 पर

पुलवामा में हथगोले और देश विरोधी पोस्टरों के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

श्रीनगर, 03 अगस्त. जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उसके पास से एक हथगोला भी बरामद किया है. पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह कार्रवाई द्रबगाम-पछार मार्ग पर नाका चेकिंग के दौरान पुलवामा पुलिस, सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की 183वीं बटालियन ने संयुक्त रूप से की है. संयुक्त नाका दल ने द्रबगाम की ओर से पछार की तरफ आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा.

जजों की संख्या बढ़ाने वाला विधेयक पारित

नई दिल्ली, 3 अगस्त. लोकसभा ने सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 सोमवार को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया.

विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने विधेयक को चर्चा के लिए पेश करते हुए कहा कि यह न्यायिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. विधेयक में सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने का प्रावधान है.

मुख्य बिन्दू

- इससे लंबित मामलों का निपटान आसान हो जाएगा.
- बड़ी पीठों के गठन के मामलों के निस्तारण पर असर नहीं.
- उच्चतम न्यायालय में 92,101 मामले लंबित थे.

सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विकास विधेयक राज्यसभा से पास

राज्यसभा ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक 2026 को सोमवार को विपक्ष के हंगामे के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया. सदन ने विधेयक के अनेक प्रावधानों के बारे में कांग्रेस के अजय माकन और वाम दलों के ए ए रहीम, जॉन ब्रिटास और वी शिवादासन के संशोधन के प्रस्तावों को भी ध्वनिमत से नामंजूर कर दिया. सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी के हंगामे के बीच संक्षिप्त जवाब के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया.

उमड़े श्रद्धालु | सावन की प्रथम सवारी, भक्तिमय हुआ पूरा नगर

वैभव के साथ नगर भ्रमण पर निकले बाबा महाकाल

नवभारत न्यूज़

उज्जैन, 3 अगस्त. श्रावण मास के प्रथम सोमवार को उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी पूरे राजसी वैभव के साथ निकली. शाम 4 बजे मंदिर के सभामंडप में भगवान का अभिषेक-पूजन व आरती की गई. इसके पश्चात महाकाल के स्वरूप श्री चंद्रमौलेश्वर की प्रतिमा को चांदी की पालकी में विराजमान किया गया. सलामी के बाद भगवान महाकाल को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया.

आगे घुड़ सवार दल, पुलिस का बैंड, मार्च पास्ट करती पुलिस के सशस्त्र जवानों की टुकड़ियां के साथ राजाधिराज महाकाल पालकी में सवार हो अपने संपूर्ण लाव-लश्कर के साथ उज्जैन प्रजा का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकले. सवारी के मार्ग पर हजारों श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बाबा का भव्य स्वागत किया. पूरे मार्ग पर हर-हर महादेव और जय महाकाल का जयघोष सुनाई दे रहा था. झांझ-मंजिरे, ढोल-नगाड़े और शंख-डमरू की ध्वनि के बीच भगवान महाकाल निकले तो हजारों भक्त भावविभोर हो उठे.श्रावण मास के प्रथम सोमवार को रात 2.30 बजे महाकाल मंदिर के पट खोले गए व पुजारियों ने दिव्य भस्मारती की. अल सुबह 5 बजे से आम दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ जो रात 11 बजे शयन आरती तक जारी रहा. दोपहर 1.30 बजे तक ही मंदिर में 3 लाख श्रद्धालु दर्शन लाभ ले चुके थे. सवारी महाकाल मंदिर से निकलकर शिप्रा के रामघाट पर पहुंची जहां शिप्रा के जल से बाबा का अभिषेक हुआ. दत्त अखाड़ा घाट पर पहली सवारी की थीम के अनुसार सैकड़ों बटुकों ने वेद मंत्रों का एक साथ उच्चारण कर संपूर्ण वातावरण को धर्ममय बना दिया.

गुस्ताखी माफ

99.92 % गांवों के लिए सुलभ हो चुकी है बैंकिंग सेवाओं की पहुंच

नई दिल्ली, 3 अगस्त. सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि देश में लगभग सर्वत्र बैंकिंग कवरेज हासिल हो चुका है और 99.92 प्रतिशत गांवों के लिए बैंकिंग सेवाएं सुलभ हो गयी हैं.

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में बैंकों द्वारा जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप पर अपलोड किए गए आंकड़ों के हवाले से बताया कि 99.92 प्रतिशत आबाद गांवों (6,01,328 में से 6,00,868) के लिए अब पांच किमी के दायरे में एक बैंकिंग शाखा (बैंक, बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट अथवा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक मौजूद है. उन्होंने 17 जुलाई तक के आंकड़ों के आधार पर बताया कि सर्वत्र बैंकिंग कवरेज को 1.81 लाख से अधिक बैंक शाखाओं, 17.36 लाख बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स (बीसी) और 1.65 लाख आईपीपीबी केंद्रों के मजबूत बुनियादी ढांचे से मदद मिल रही है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए, सरकार का प्रयास है कि देश के सभी आबाद गांवों के 5 किलोमीटर के दायरे में एक बैंकिंग केंद्र उपलब्ध हो.